DAILY NEWS BULLETIN

LEADING HEALTH, POPULATION AND FAMILY WELFARE STORIES OF THE Day

Sunday **20260712**

.

Maternal mortality crisis in Rajasthan: 9 deaths in 6 days

Probes Pile Up, Answers Missing As Families Demand Accountability

Intishab Ali, Somdutt Tripathi & Claude D'Souza | TNN

LATEST FATALITIES

IN BHILWARA

- **Shimla Gurjar (28)**, resident of Jhatal Gulabpura, **died July 5** due to hypovolaemic shock
- **Phori Devi Bhakalia (30)**, suffered myocardial infarction, **died July 7**. She had a gynaecological condition, was not pregnant
- **Isha Pandey (32)**, from Mangalpur in Bhilwara, **died July 8** due to pulmonary thromboembolism
- **Divya Raipur (30)**, from Raipur in Bhilwara, **died July 9** of PIH and hypertension
- **Sangeeta Jinagar (32)**, from Potla Gangapur, **died July 10** after suffering postpartum haemorrhage

IN BANSWARA

- **Minor girl died July 7** due to abortion-related complications
- **Reshma (28)**, resident of Akalkhera in Madhya Pradesh, **died July 8** due to anaemia
- **Leela (32)**, resident of Kanela in Garhi Banswara, **died July 10** of high BP during caesarean delivery
- **Laxmi (21)**, resident of Savania in Banswara district, **died July 10** due to anaemia

Jaipur/Bhilwara/Banswara: A series of maternal deaths in govt hospitals has set alarm bells ringing in Rajasthan, with nine women losing their lives in Bhilwara and Banswara districts over just six days. Medical teams from Jaipur were dispatched Saturday to probe the causes of deaths in the two districts between July 5 and July 10, even as state govt insisted there was no common factor.

Similar fatalities were earlier reported in Kota, Bikaner and Jodhpur, bringing the total number of maternal deaths in five districts to 18 since May.

Despite indications of deeper systemic failures, govt has attributed the deaths to comorbidities, ruling out negligence by medical staff and other factors, including hospital infections and substandard or spurious medicines.

The latest deaths in Bhilwara and Banswara have triggered the same official response. Health minister Gajendra Singh Khimsar said govt was taking the cases "very seriously", but asserted no common cause was identified and denied any laxity or lapses on the part of the hospitals.

In Bhilwara, five women died in Mahatma Gandhi Hospital — three who underwent caesarean deliveries, a pregnant woman and a fifth with a gynaecological condition.

The three post-partum mothers lost their lives in rapid succession. Dr Pooja Gangrade, principal of Rajmata Vijayaraje Scindia Medical College, which oversees the hospital, said: "Prima facie, two deaths were due to cardiac arrest, and the third was caused by lung problems. The fourth pregnant woman had not even undergone an operation."

Bhilwara's chief medical and health officer (CMHO) Dr Arun Gaud attributed the deaths to a range of factors, including low haemoglobin levels and other pre-existing medical conditions. A six-member committee of senior doctors was set up Saturday to examine the circumstances surrounding the deaths.

Banswara reported the deaths of four women, including a minor, at Mahatma Gandhi Hospital. Three of them died shortly after caesarean deliveries due to severe anaemia and high blood pressure, prompting the administration to establish a five-member inquiry committee led by district collector Indrajit Yadav. "So far, no issue such as a reaction to medicines has come to light," he told TOI.

Banswara CMHO Dr Khushpal Singh Rathore said, "Initial investigations revealed the deaths were related to previous medical complications... prima facie, the cause of death appears to be a sudden drop in vitals."

The minor was brought to the hospital after her condition deteriorated during an abortion in a rural area. The man who brought her claimed to be her husband, but fled.

The recurring deaths have exposed serious gaps in the state's healthcare system and raised allegations of opacity and inaction. In each case, govt has announced probes, sent expert teams and promised corrective action. Yet, reports from earlier investigations in Kota, Bikaner and Jodhpur have not been made public, and no accountability has been fixed so far.

For affected families, official condolences and fresh probes offer little comfort without public reports, accountability and concrete safeguards to prevent more deaths.

Grieving relatives questioned why adequate care and monitoring were not provided to patients suffering from blood shortages and why regular nutritional check-ups didn't take place. Manish Pandey from Bhilwara claimed his wife was stable for a day after her C-section. "Doctors failed my wife at the most critical time," he said.

How amino acid leucine helps our cells produce energy

SPEAKING OF SCIENCE

D. Balasubramanian

Proteins in the cells in our body perform functions of value to the sustenance and growth of organs. There are more than 20 amino acids, which are the building blocks of proteins, and the sequence of these amino acid chains generates the structure and function of each protein in the cells.

Several of these amino acids play vital roles in specific functions. For example, an amino acid called glycine is vital for blood cells. Leucine is an essential amino acid involved in muscle growth, tissue repair, and energy production. The body has eight other essential amino acids that the body cannot produce on its own. They need to be supplied to the organs from outside for them to function.

The energy for each organ is generated by cellular components called the mitochondria (in Ancient Greek, 'mito' means thread-like and 'chondrion' means granule). These are unique, thread-like organelles present in the thousands per cell. They are the gatekeepers of energy in most organs in our body.

Mitochondria are responsible for maintaining the cell's supply of energy, by producing the molecule adenosine triphosphate (ATP), which is the energy currency of the cell. Mitochondria are thus the battery of the cell, charging it using ATP. The connection between the mitochondrion and the parent cell is vital, since during oxidation and respiration, the membrane of this cellular organelle can be degraded, causing a loss in cellular function.

Mitochondria are responsible for maintaining the cell's supply of energy. IMAGE CREATED WITH AI

For example, the adult human heart has more than 2 billion muscle cells that work non-stop, and each of these cells has 5,000-8,000 mitochondria. Most of the energy required for the pumping of the heart comes from these mitochondria.

Every organ in the body needs adequate energy to function normally. When an organ needs more energy, new mitochondria are made, while at the same time increased wear and tear necessitates the degradation of some mitochondria.

The proteins that make up mitochondria are degraded during the process. Critically, the outer mitochondrial membrane proteins should not be lost, and methods should be found to prevent excessive degradation. Scientists have been searching for ways to prevent these outer walls from breaking down completely under stress, as this can lead to metabolic and age-related diseases.

Role of leucine

It is here that the essential amino acid leucine becomes valuable. It belongs to the family of branched chain amino acids (BCAA) such as isoleucine and valine, which are needed for the growth and functioning of organs such as muscles, nervous system, the heart, and the brain.

BCAAs are not made in the body and need to be supplied from our diet. Without them, the outer membrane of the mitochondrion cannot be properly constructed or maintained. A study last year (*Nature Cell Biology*, 1889-1901, November 27, 2025) by a group from the University of Cologne Centre for Excellence Cluster on Aging and Aging-Associated Diseases, Germany, used the small roundworm *Caenorhabditis elegans* as the model organism to work with. Their results showed that the BCAA leucine acts like a protective shield and inhibits the premature degradation of outer mitochondrial membrane proteins. This is done by leucine interacting with a protein called SEL1L, which has a role in recognising and pulling out damaged or misfolded proteins.

Thus, leucine offers both protection and more energy to cells and organs. Whether other BCAAs also play such valuable roles in cell protection will be worth studying.

dbala@lvpei.org

Deadly bird virus PaBV-4 identified for first time in India

Rahul Karmakar

A team of scientists has, for the first time in India, identified and genetically characterised a virus that often causes rapid death in captive psittacine birds, raising concerns about the health of exotic pets and conservation of threatened parrot species.

Psittacine, which means relating to or resembling a parrot, describes the bird family *Psittacidae* and order *Psittaciformes*. It includes budgerigars, cockatiels, cockatoos, lovebirds, macaws, and parakeets.

The team, led by Pankaj Deka and Sangeeta Das of the Assam Veterinary and Fishery University in Guwahati, found and characterised parrot bornavirus 4 (PaBV-4) circulating among captive psittacine birds in India. Their study was published in *Scientific Reports*.

The other members of the team represent institutions in Assam and Gujarat.

They tested 83 psittacine birds from 13 species in aviaries in Assam, Karnataka, and West Bengal in 2020-2024. The birds included the African grey parrot, ochre-marked parakeet, yellow-collared macaw, eastern rosella, blue-crowned hanging parrot, rainbow lorikeet, and scarlet-chested parrot.

Three groups

They divided the birds into three groups: those showing clinical signs of proventricular dilatation disease (PDD), clinically healthy cage mates of suspected cases, and birds that had died of suspected PDD. Caused by avian bornavirus, PDD is a largely fatal viral condition affecting the digestive and nervous systems of birds.

"Amongst the avian bornaviruses discovered, PaBV belonging to species *Orthobornavirus alphapsittaciforme* possess the highest veterinary relevance and are considered to be a major threat to psittacine aviculture," the researchers said.

"Since the discovery of PaBV in psittacine birds suffering from PDD in 2008, PaBV infections have been reported worldwide."

Upon testing cloacal swabs from live birds and brain and proventriculus tissue in dead ones, the team found 44 of the 83 birds tested were infected. Infection was detected in almost 88% of the dead birds and 19% of the apparently healthy cage mates, underlining how the virus can lurk without showing outward symptoms. The infected birds belonged to nine species whose conservation status ranged from near-threatened to endangered.

Potential risk

The scientists also found that brain tissue and cloacal swabs yielded higher detection rates in dead and live birds, respectively. Genetic analysis confirmed all positive samples had PaBV-4, a strain previously reported in Canada, Israel, Japan, South Korea, and the U.S.

The team found no patterns linking genetic clusters to host species, geography or timing. Suggesting this may reflect the global trade in psittacine birds, the researchers said their findings highlight risks to conservation based on breeding captive birds.

One-fourth of India's monsoon rain evaporates mid-air, says new study

Researchers at IITM Pune say rate of evaporation may vary sharply across regions; this is the first observational estimate of raindrop evaporation over India; it will help scientists refine climate models and better understand the monsoon

Jacob Koshy
NEW DELHI

Nearly a quarter of the rain that falls over the north Western Ghats during the southwest monsoon evaporates mid-air, says a study out of the Indian Institute of Tropical Meteorology (IITM), Pune.

This is the first time this fraction has been measured via an experiment in India. This will help scientists refine weather and climate models and better understand the monsoon, an accompanying press statement noted.

Researchers at the IITM, Pune, computed that on average, about 25% of the rain mass evaporates; the actual amount varies from day to day and range from 4%-61%, over the four monsoon months of June to September.

"This is the first observational estimate of raindrop evaporation over the Western Ghats, and the technique can be used over whole of India," the study's corresponding author, Saikat Sengupta, told *The Hindu* in a phone conversation. The work was published in the peer-reviewed journal *Atmospheric Chemistry and Physics*.

The Pune result is the first step in a wider effort to map the process across India, where Mr. Sengupta expects it to vary sharply with temperature and humidity, from arid Rajasthan to the rain-soaked coast. The IITM already runs a rainwater-isotope network of nine sites - from the Himalaya to the north-east and Port Blair - where the sampling is going on for a decade.

Moisture in the air: Rain clouds loom over a large swathe of forest covering the Western Ghat mountains in Kerala. AFP

Crucial yardstick

The evaporation rate measurements are not merely an academic exercise. When a raindrop evaporates on its way down, it absorbs heat from the surrounding air, cooling the sub-cloud layer, feeding downdrafts and creating cold pools of air at the surface.

This reshapes the very convection that generates the next burst of rain. It is a process that climate and monsoon models have long struggled to capture. Getting it wrong skews their rainfall prediction and associated atmospheric cooling and storm-triggering potential.

The rain mass loss of roughly one-quarter sits at the lower end of global estimates elsewhere. Satellite data-based measurements put evaporation at the tropics near 20%; over Zurich it was about 40% and near Barbados, roughly 60%. This is because of Barbados's smaller drops and drier air; evaporation eliminates the small drops of light rain and barely touches the large drops of an intense downpour.

To calculate the evaporation rate, Mr. Sengupta and his colleagues utilised the fact that most substances have different combinations of isotopic atoms. Most water, for example, is ordinary H_2O, but a small fraction carries a 'heavier isotope' (more neutrons), a heavy oxygen or a heavy hydrogen. These heavier molecules are marginally more sluggish, so when a drop evaporates, the lighter molecules escape preferentially, leaving the surviving drop enriched in heavy isotopes. Rain that evaporated less keeps a lighter signature; in contrast, rain that evaporated more carries a heavier composition.

During the 2019 monsoon, the team collected rainwater and atmospheric vapour at ground level in Pune, read their isotope ratios on a laser spectrometer, and fed the results into a one-dimensional Below Cloud Interaction Model that tracks a single drop falling from cloud base to the ground. Collecting the vapour is challenging – each sample took six to seven hours to trap by freezing atmospheric moisture. The group has begun acquiring portable analysers that read vapour isotopes in real time, to be stationed around the country.

Mr. Sengupta underlined that the results point to a way to improve how weather and climate models represent rainfall.

He noted that quantitative estimates of evaporation are rare for India.

He earlier said mobile phone

allowing Rs 54,000 of suspected fraud proceeds to pass

same could also be fake," and Boor said.

■ AT 'COMEDY IN CHAOS', PATIENTS RECOUNT 'TRYST WITH CANCER'

A light-hearted take on cancer: 11 'warriors' share experiences and a *laugh*

Reyd Thakkar
New Delhi, July 21

"WHAT'S MORE dangerous than cancer?" Ruchi Chadha asked the audience that had gathered to watch 'Comedy in Chaos' on Saturday. As she received confused glances in response, she quipped, "People... kuch toh log cahi kahenge, logo ka kaam hai kehna... (People... they will say something or the other... It's just their job to talk aimlessly)."

Chadha, who was the presenter at the show, shared with the crowd how she had lost her mother to breast cancer and the suffering that came along.

Among the 11 "cancer warriors" — residents of Delhi aged between 32 and 62 — who performed at the show at the India International Centre was Rohini Khuller (62), who conceptualised the event. Their experiences, emotions, moments of weakness, and stories of people who gave them the strength that they needed in the fight against cancer were weaved into jokes, anecdotes and conversations shared during the event — all while making the audience laugh.

THE EVENTFUL city

"I want to normalise conversations around cancer," Khuller told *The Indian Express* after the show, which, she said, had been in the making for nearly five years. Diagnosed with breast cancer in 2010, Khuller has been serving as the director of a consultancy, Turning Point Learning Pvt Ltd, since 2011 after serving as a sales and marketing professional for nearly 15 years.

The 'cancer warriors' who performed at the show; (right) audience cheering for the performers. AMIT CHAKRAVARTY/ANI

Dressed in a grey kurta, glasses perched upon her nose, she said emphatically, "I hate the word survivor". Introducing her fellow performers during the show, she said, "These are the folks who've had a tryst with cancer..."

"The show actively started taking root in April after I had put up a message on our group that I wanted to organise a stand-up comedy event. Suddenly, I was flooded with messages with people saying 'count me in'," she recounted.

Saturday's event was divided into three segments, opening with a talk show where "warriors" Nandita Thakur (59), Jenny Punnu Kohli (45) and Ujala Malchandani (40) spoke of "people who tell you to be positive all the time". "Mei toh triple positive thi yaar (I was three times positive...)," said Kohli in jest, referring to her diagnosis of three types of breast cancer in 2008. In 2023, she was diagnosed with an advanced stage of brain cancer. She is currently undergoing treatment.

In a play, the second segment of the event, that she had written, "warrior" Manisha Kapur (56) played the lead, donning the role of Mansi Punjabi — "a woman from Punjab who just got diagnosed with breast cancer".

The play was centered on a patient's emotions and experiences following diagnosis. "I started writing with 20-21 medical terms, and then wove them into the story... Mansi misunderstands them in her own way," said Kapur.

With hairfall being a common side effect of chemotherapy, the third segment was called, "Bal bal bach gaye, but bal nahi bache." (It was a close shave... yet lost hairs).

The "warriors" shared their first-hand experiences of undergoing chemotherapy. Thakur recalled shaving her head, "They called me baldilocks," she said, referring to the name inspired from the protagonist of a fairytale.

During the segment moderated by Rajneesh Singh (62), the only man in the group of 11 and a colon cancer patient, Khuller, Shruti Dhruva (56) and the youngest in the group — Astha Pareda (32) — spoke of how their uncles and aunties, who "graduated from the WhatsApp university", started advising them that if they drank *haldi doodh* (turmeric milk) all would be okay.

"When the idea came up of a light-hearted take on cancer, I thought it could be a great way of normalising conversations about cancer. But at the same time, I was worried whether it could be done in a sensitive manner. It's great to see this group narrate a humorous yet empathetic take on their experiences," said Dr Aditi Chaturvedi, Breast Oncoplastic Surgeon at Apollo Hospital, Delhi.

The evening ended with a band, Dirty Class, performing a song written by Kapur — "Sab Kuch Change Hai. All is well" — and all the "cancer warriors" dancing, singing and rejoicing.

More than 300 people in the audience — including friends, family and doctors of the "warriors" — cheered along.

Rotten eggs, spoiled parathas: Swiggy gets 9 notices from FSSAI

Regulator Has Sought Detailed Explanation

Anuja.Jaiswal@timesofindia.com

New Delhi: From rotten eggs and spoiled parathas to expired whey protein and packaged snacks, Swiggy Instamart has been issued nine notices by Food Safety and Standards Authority of India (FSSAI) after consumer complaints alleged the delivery of unsafe and expired food products through the quick-commerce platform.

The food regulator has sought a detailed explanation and compliance report from the company, warning that failure to respond satisfactorily could invite action under the Food Safety and Standards Act, 2006.

According to the notices, consumers had complained of receiving expired, spoiled, rotten, contaminated and otherwise unsafe food products through Swiggy Instamart. Among the products flagged by them were Healthify 100% Whey Protein, Noice Homestyle Madras Mixture with Peanuts, Akshayakalpa Organic Eggs and Kakke da Paratha.

FSSAI said consumers had alleged that the whey protein and snack packets were delivered after their expiry dates, while the eggs were found to be rotten and emitting a foul smell, rendering them unfit for consumption. A complaint involving Kakke da Paratha alleged the product was spoiled and foul-smelling.

UNSAFE DELIVERIES

The regulator also questioned the marketing of "NOICE" eggs, saying the brand was allegedly not covered under product categories approved under Swiggy Instamart's existing FSSAI licence. It directed the food business operator to stop marketing the product and seek licence modification if required.

The action comes amid increased regulatory scrutiny of food sold through online grocery and quick-commerce platforms as consumers increasingly rely on rapid home deliveries for daily essentials.

39 नई दवाओं की खुदरा कीमतें तय, किफायती होगा उपचार

नई दिल्ली, एएनआइः नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथारिटी (एनपीपीए) ने 39 नई दवा फार्मूलेशन की खुदरा कीमतें तय कर दी हैं। इनमें हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, एचआइवी, हृदय रोग और आंखों के संक्रमण जैसी बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं। ड्रग्स (प्राइस कंट्रोल) आर्डर, 2013 (डीपीसीओ) के तहत तय की गई इन कीमतों से मरीजों को दवाएं निर्धारित और किफायती दरों पर मिल सकेंगी। हालांकि, एनपीपीए ने स्पष्ट किया है कि यह दवाओं के दाम घटाने का फैसला नहीं, बल्कि उनकी अधिकतम खुदरा कीमत तय करने की प्रक्रिया है।

एनपीपीए के अनुसार, उच्च रक्तचाप के इलाज में इस्तेमाल होने वाली एम्लोडिपिन, बिसोप्रोलोल और टेलमिसारटन की संयुक्त टैबलेट की कीमत 14.74 रुपये प्रति टैबलेट तय की गई है। वहीं, आंखों की सर्जरी के बाद होने वाले बैक्टीरियल संक्रमण के इलाज में उपयोग होने वाले नेपाफेनाक और मोक्सिफ्लोक्सासिन आई ड्राप की कीमत 68.64 रुपये प्रति मिलीलीटर तथा हार्ट अटैक और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने वाली क्लोपिडोग्रेल, एस्पिरिन और एटोरवास्टैटिन कैप्सूल की कीमत 6.37 रुपये प्रति कैप्सूल निर्धारित की गई है। अथारिटी ने सभी दवा विक्रेताओं और डीलरों को निर्देश दिया है कि वे निर्माताओं से प्राप्त मूल्य सूची और आवश्यक होने पर पूरक मूल्य सूची को दुकान में ऐसी जगह प्रदर्शित करें, जहां ग्राहक उसे आसानी से देख सकें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि ,कोई निर्माता या मार्केटिंग कंपनी निर्धारित कीमत से अधिक वसूली करती है, तो उसे डीपीसीओ, 2013 और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत अतिरिक्त वसूली गई राशि ब्याज सहित जमा करनी होगी।

- दवा दुकानों पर मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य, अधिक कीमत वसूलने पर कार्रवाई होगी
- हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, एचआइवी, हृदय रोग व आंखों के संक्रमण की दवाएं तय कीमत पर उपलब्ध होंगी

प्रामाणिकता की जांच जारी है।

मौत को मात देकर स्वस्थ हुआ किशोर

- आठ महीने में 13 वर्षीय बच्चे को तीन बार कार्डियक अरेस्ट आए
- तीन महीने वेंटिलेटर पर रहा, सरकारी अस्पताल में मिला सफल इलाज

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। करीब आठ महीने तक जिंदगी और मौत की जंग लड़ने के बाद 13 वर्षीय लक्षित ने आखिरकार स्वस्थ होकर अपने घर वापसी कर ली। गिलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) जैसी दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे लक्षित का इलाज दिल्ली के स्वामी दयानंद अस्पताल में हुआ।

इलाज के दौरान उसे तीन बार कार्डियक अरेस्ट आया और करीब तीन महीने तक वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। डॉक्टरों ने इसे अस्पताल के सबसे चुनौतीपूर्ण मामलों में से एक बताया है।

बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि लक्षित को पहले जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर उसे स्वामी दयानंद अस्पताल रेफर किया गया। जांच में पता चला कि उसे गिलियन-बैरे सिंड्रोम है। यह ऐसी बीमारी है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली नसों पर हमला कर देती है। इससे मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं और सांस लेने में भी परेशानी हो सकती है।

डॉक्टरों के अनुसार लक्षित की सांस लेने की क्षमता खत्म होने लगी थी, इसलिए उसे वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। लंबे समय तक सांस दिलाने के लिए ट्रेकियोस्टॉमी भी करनी पड़ी। इलाज के दौरान उसे 10 डोज इंट्रावेनस इम्यूनोग्लोब्युलिन थेरेपी दी गई। साथ ही फीडिंग ट्यूब के जरिए पोषण और लगातार फिजियोथेरेपी कराई गई। करीब चार महीने बाद वह सामान्य रूप से खाना खाने लगा और धीरे-धीरे मांसपेशियों की ताकत लौट आई।

रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष एवं उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशांत जैन ने बताया कि इलाज के दौरान लक्षित को तीन बार कार्डियक अरेस्ट आया, लेकिन मेडिकल टीम ने हर बार उसे बचा लिया। करीब आठ महीने बाद उसकी ट्रेकियोस्टॉमी ट्यूब हटाई गई और अब वह अपने पैरों पर चलने लगा है। डॉ. बिष्ट ने कहा, निजी अस्पताल में इलाज पर लाखों रुपये खर्च होते, जबकि सरकारी अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की मदद से सफल उपचार संभव हुआ।

केंद्र ने 39 दवाओं की कीमत तय की

राहत

- मधुमेह, हृदय रोग, बीपी समेत अन्य दवाएं शामिल
- अधिक कीमत पर बेचने पर होगी कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने 39 दवाओं के फॉर्मुलेशन की खुदरा कीमत तय कर दी है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के अनुसार, इस फॉर्मुलेशन में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एचआईवी, हृदय रोग और आंखों के संक्रमण के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं।

एनपीपीए के अनुसार उच्च रक्तचाप के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवा एम्लोडिपिन, बिसोप्रोलोल, टेल्मिसार्टन टैबलेट की खुदरा कीमत 14.74 रुपये प्रति टैबलेट तय की गई है। आंख के ऑपरेशन के बाद और आंखों में बैक्टीरियल संक्रमण के इलाज में इस्तेमाल होने वाले नेपाफेनै, मोक्सीफ्लोक्सासिन ऑप्थैल्मिक सॉल्यूशन आई ड्रॉप की खुदरा कीमत 68.64 रुपये प्रति मिलीलीटर निर्धारित की गई है। हार्ट अटैक और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने के लिए इस्तेमाल होने वाले क्लोपिडोग्रेल, एस्पिरिन, एटोरवास्टेटिन कैप्सूल की कीमत 6.37 रुपये प्रति कैप्सूल तय की गई है। एनपीपीए ने कहा कि विक्रेताओं को नई दरों को दुकान पर चस्पा करना होगा। अधिसूचना के अनुसार, यदि कोई निर्माता या विपणन कंपनी कीमतों का पालन नहीं करती है, तो उसे निर्धारित प्रावधानों के तहत अधिक वसूली गई राशि ब्याज सहित जमा करनी होगी।

साइबर अटैक ICU मरीज़ों की जान पर भी बन सकता है खतरा: स्टडी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

NBT संडे स्पेशल

अस्पतालों में बढ़ती डिजिटल व्यवस्था के बीच साइबर हमले अब केवल कंप्यूटर सिस्टम की समस्या नहीं रह गए हैं। भारतीय शोधकर्ताओं की एक नई स्टडी में चेतावनी दी गई है कि अगर किसी अस्पताल का सिस्टम रैनसमवेयर जैसे साइबर हमले का शिकार हो जाए, तो ICU में भर्ती गंभीर मरीजों का इलाज रुक सकता है और उनकी जान तक खतरे में पड़ सकती है। यह अध्ययन इंडियन जर्नल ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के जून 2026 अंक में प्रकाशित हुआ है। स्टडी का नेतृत्व कोलकाता के पार्कव्यू सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. बोधिसत्व चौधुरी ने किया। इसमें RIMS रांची, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और ब्रिटेन के विशेषज्ञ भी शामिल रहे।

शोधकर्ताओं ने 2022 में एम्स दिल्ली पर हुए रैनसमवेयर हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना ने भारत के अस्पतालों की साइबर सुरक्षा में मौजूद कमजोरियों को उजागर कर दिया। अध्ययन के अनुसार, हमले के बाद मरीजों पर उसके असर की व्यवस्थित निगरानी भी नहीं की गई। शोधकर्ताओं का कहना है कि विकसित देशों के साइबर सुरक्षा मॉडल भारत के संसाधन-सीमित अस्पतालों में सीधे लागू नहीं कर सकते।

AI Image

अध्ययन में चेतावनी, ICU का डिजिटल सिस्टम ठप हुआ तो इलाज की पूरी प्रक्रिया हो सकती है प्रभावित

तीन तरह के सुझाव

शोधकर्ताओं ने अस्पतालों के लिए तीन स्तर की तैयारियों के सुझाव दिए हैं। सबसे पहले, हर अस्पताल में कागज पर दवा का रिकॉर्ड, जिम्मेदार कर्मचारियों की स्पष्ट भूमिका और नियमित मॉक ड्रिल होनी चाहिए। दूसरे, सभी जरूरी डिजिटल सिस्टम का बैकअप और वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखनी चाहिए और तीसरे, बड़े अस्पतालों में मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचे और अतिरिक्त तकनीकी क्षमता विकसित की जानी चाहिए।

ICU पर क्यों सबसे ज्यादा खतरा

अध्ययन के अनुसार ICU में मरीजों की निगरानी, दवा देने की प्रक्रिया, इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड (EHR) और इंटरनेट से जुड़े मेडिकल उपकरण (IoMT) पूरी तरह डिजिटल सिस्टम पर निर्भर हैं। यदि साइबर हमले से यह सिस्टम बंद हो जाए, तो इलाज प्रभावित हो सकता है और मरीज की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

क्या निकला है निष्कर्ष?

अध्ययन का निष्कर्ष है कि डिजिटल सिस्टम फेल होने पर मरीजों की जान बचाने की सबसे बड़ी ताकत पहले से की गई तैयारी, ट्रेंड स्वास्थ्यकर्मी और मजबूत आकस्मिक व्यवस्था होती है। इसलिए अस्पतालों में साइबर सुरक्षा को केवल IT विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मरीजों की सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा माना जाना चाहिए।

कहीं गर्दन पर हम्प तो नहीं बन रहा?

जो परेशानी पैदाइशी नहीं थी, उसे हमने अपनी आदतों से पैदा कर लिया है। नेक हम्प यानी गर्दन पर कूबड़ एक ऐसी ही समस्या है जो अक्सर मोबाइल, लैपटॉप आदि के बहुत ज्यादा इस्तेमाल और गलत पॉश्चर में बैठने की वजह से सामने आ रही है। इससे गर्दन में दर्द, अकड़न आदि भी होती है। कैसे बचें और हो जाए तो क्या करें? एक्सपर्ट्स से बात करके जानकारी दे रहे हैं लोकेश के. भारती

जब परेशानी धीरे-धीरे आती है तो हम उसे गंभीरता से नहीं लेते। नेक हम्प, डेक हम्प या डोवेजर्स हम्प सिंड्रोम जो भी नाम लें, यह इसका एक सटीक उदाहरण है। बार-बार, लगातार, महीनों, सालों तक गलत पॉश्चर में बैठकर मोबाइल, लैपटॉप, डेस्कटॉप देखने से यह परेशानी होती है। इसमें गर्दन के पीछे का हिस्सा उभर जाता है या कहें कि कूबड़ निकल आता है। वैसे कूबड़ वाली स्थिति कुछ समय बाद बनती है, पहले तो गर्दन घुमाने में, गर्दन को सीधी रखने में भी दर्द होने लगता है। वजह यही है कि गर्दन को मदद करने वाली मांसपेशियों में खिंचाव आने लगता है। असल में गर्दन को ज्यादा झुकाने पर सिर के वजन का दबाव 3 से 4 गुना बढ़ जाता है।

क्या-क्या है कारण

- गलत पॉश्चर, चाहे वह बैठने का हो या फिर स्क्रीन देखने का
- गलत ऊंचाई का तकिया या सोने की गलत मुद्रा

- उम्र बढ़ने के साथ होने वाला सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस (गर्दन की डिस्क और जोड़ों में घिसाव होने लगता है)
- पैदाइशी परेशानी
- एक्सीडेंट की वजह से
- ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों का कमजोर होना), यह मेनोपॉज में ज्यादा होता है
- मोटापा, जिससे गर्दन के पीछे अतिरिक्त चर्बी जमा होकर स्थायी हम्प बन सकता है

क्या-क्या हैं लक्षण

- गर्दन के पीछे उभरा हुआ कूबड़ या उभार
- कंधे थोड़े ऊपर की ओर उठ जाना
- गर्दन में दर्द और अकड़न रहना



- गर्दन घुमाने या झुकाने में दिक्कत
- गर्दन और कंधों की मांसपेशियों में ऐंठन
- दर्द का कंधे, बाजू या हाथ तक फैलना
- उंगलियों में सुन्नपन
- हाथों में कमजोरी
- बार-बार सिर के पीछे दर्द होना
- कुछ मरीजों में चक्कर आना या संतुलन बिगड़ना
- सीधे बैठने या खड़े रहने में परेशानी।

एक्सपर्ट पैनल

डॉ. राजीव अग्रवाल
इंचार्ज, न्यूरो-फिजियोथेरपी, AIIMS

डॉ. जुझार सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर, सफदरजंग

Stock image

कब डॉक्टर के पास जरूर जाएं



- हाथों या पैरों की कमजोरी लगातार बढ़ना
- चलने में मुश्किल आना या संतुलन बिगड़ना
- यूरीन या स्टूल पर काबू न रहना
- हल्की चोट लगने के बाद गर्दन में बहुत तेज दर्द होना
- हाथों में सुन्नपन के साथ कमजोरी का लगातार बढ़ना।

गर्दन ज्यादा झुकाने पर बहुत दबाव



एक अडल्ट के सिर का औसत वजन करीब 4.5-5.5 किलोग्राम होता है। जब गर्दन और सिर सीधे एक सामान्य (न्यूट्रल) स्थिति में होते हैं, तब यह वजन सर्वाइकल स्पाइन (गर्दन की रीढ़ वाले हिस्से) पर संतुलित रहता है। वहीं, जब गर्दन आगे की ओर झुकती है, तो सिर का असल वजन नहीं बढ़ता। लेकिन झुकाव बढ़ने के कारण गर्दन की हड्डियों, डिस्क, लिगामेंट्स और मांसपेशियों पर पड़ने वाला अतिरिक्त दबाव (Lever Arm) बढ़ जाता है। उदाहरण के लिए, करीब 60 डिग्री तक गर्दन झुकाने पर सर्वाइकल स्पाइन पर लगभग 27 किलोग्राम के बराबर प्रभावी भार महसूस हो सकता है। यह सिर का असल वजन नहीं, यह एक्स्ट्रा मैकेनिकल प्रेशर है, जिससे गर्दन में दर्द, अकड़न और समय के साथ घिसाव (सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस) का खतरा बढ़ सकता है।

...जब हमारा सिर ही ज्यादा दबाव डालता है रीढ़ पर

[illegible]

0 (सीधा) डिग्री	करीब 4.5-5.5KG
15 डिग्री	करीब 12 KG
30 डिग्री	करीब 18 KG
45 डिग्री	करीब 22 KG
60 डिग्री	करीब 27 KG

जब परेशानी हो जाए तो क्या-क्या करें?

- चिन टिक एक्सरसाइज करें। इसके लिए सीधे खड़े हों या फिर किसी कुर्सी पर सीधे बैठ जाएं। आपके कंधे रिलैक्स होने चाहिए और आपकी नजरें बिल्कुल सामने होनी चाहिए। अपने सिर को बिना ऊपर या नीचे झुकाए, बिल्कुल सीधा पीछे की ओर खिसकाएं (जैसे आप डबल चिन बना रहे हों)। खिंचाव महसूस करें। आपको अपनी गर्दन के पिछले हिस्से और सिर के निचले हिस्से में हल्का खिंचाव महसूस होगा। इस स्थिति को 3 से 5 सेकंड तक रोककर रखें। फिर धीरे से सिर को सामान्य स्थिति में वापस लाएं। यह अपनी ठोड़ी को पीछे की तरफ धकेलने की कोशिश करें। इसे 10 बार दोहराएं।
- कुर्सी पर बैठे-बैठे ही अपने दोनों हाथों को सिर के पीछे रखकर, दोनों कोहनियों को पीछे खींचें। यह ठीक वैसे ही है, जैसे हम सिर के पीछे दोनों हाथों को आपस में पकड़कर अंगड़ाई लेते हैं। ऑफिस में रहते हुए भी इस एक्सरसाइज को कर सकते हैं।
- एक हाथ से कुर्सी की सीट को पकड़ लें और दूसरे हाथ से दूसरी साइड की गर्दन को अपनी ओर खींचने की कोशिश करें।
- गर्म सिकाई (हीट थेरपी) करें। रबड़ के बैग का इस्तेमाल कर सकते हैं। दिनभर में 3 से 4 बार करें।
- अगर इन सबसे फायदा न हो तो फिजियोथेरपिस्ट की देखरेख में स्ट्रेंथ और पश्चर स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें। अगर सर्वाइकल की परेशानी है तो डॉक्टर या फिजियोथेरपिस्ट की सलाह जरूर लें।

यह परेशानी न हो इसके लिए क्या करें?

- जब भी बैठें सिर और गर्दन को इस तरह रखें कि कान कंधों की सीध में रहें।

- गर्दन को 20 डिग्री से ज्यादा लगातार आगे झुकाकर काम करने से बचें। यह भी थोड़ी देर के लिए हो।

- हर 20-30 मिनट में 1-2 मिनट का पॉश्चर ब्रेक लें और गर्दन सीधी करें।

- मोबाइल, लैपटॉप और कम्प्यूटर की स्क्रीन आंखों के स्तर (Eye Level) पर रखें।
- अगर लैपटॉप और डेस्कटॉप में किसी एक को चुनना हो तो डेस्कटॉप को चुनें। डेस्कटॉप को आई लेवल पर रखना ज्यादा आसान होता है।

- गर्दन के पीछे की मांसपेशियों (Cervical Extensors) और कंधों के आसपास की मांसपेशियों (Scapular Stabilizers) को मजबूत करने वाली एक्सरसाइज करनी चाहिए।
- सोते समय मोटा तकिया इस्तेमाल न करें। अगर करवट लेकर सोते हैं, तो ऐसा तकिया चुनें जो गर्दन और कंधे के बीच की जगह को आराम से भर दे। पीठ के बल सोने वालों के लिए पतला तकिया सही है। दो-दो तकिए लेकर न सोएं।

ये अंदर की बात है...

चोट, इन्फेक्शन आदि की वजह से होने वाली सूजन (Inflammation) शरीर के लिए अच्छी है। इससे इन्फेक्शन जल्दी ठीक होते हैं, लेकिन इन्फेक्शन जब लंबा खिंच जाए तो दूसरे अंगों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। वहीं, इस तरह की शरीर की भीतरी सूजन को पहचानना थोड़ा मुश्किल होता है। इसे कैसे पहचानें और कैसे काबू में करें? बता रहे हैं लोकेश के. भारती

एक्सपर्ट पैनल

डॉ. हिमांशु वर्मा, HOD एंड प्रोफेसर, नेफ्रोलॉजी, सफदरजंग

डॉ. अंशुल वार्ष्णेय, सीनियर कंसल्टेंट, फिजिशन और डायबेटोलॉजिस्ट

अगर हमारे शरीर में अंदरूनी सूजन (Inflammation) है तो इसे कैसे समझें?

किसी का भी शरीर तभी सेहतमंद कहलाता है जब वह बाहर और अंदर, दोनों तरफ से सेहतमंद हो। बाहर वाली परेशानी तो सभी को दिख जाती है, लेकिन भीतर की सूजन को हम नहीं देख पाते। कई बार ऐसा महसूस होता है कि अंदर-बाहर सब चंगा है, लेकिन जांच कराने पर कुछ और निकलता है। शरीर की अंदरूनी इन्फ्लेमेशन अपने आप में कोई बीमारी नहीं है, लेकिन यह बीमारी के दौरान शरीर की ओर से पैदा की गई एक स्थिति है जो उसके बचाव के लिए बनती है। लेकिन कई बार जब लंबे समय तक सूजन रहती है तो अंगों को धीरे-धीरे नुकसान भी पहुंचाती है। इसी स्थिति को क्रॉनिक इन्फ्लेमेशन या साइलेंट इन्फ्लेमेशन कहा जाता है। यहां समझने वाली बात यह है कि कुछ दिनों के फीवर, खांसी, हल्की चोट आदि स्थितियों में भी शरीर में इंटरनल इन्फ्लेमेशन हो सकती है, लेकिन यह बीमारी ठीक होने के साथ ही अमूमन चली जाती है। इसलिए ये ज्यादा नुकसानदायक नहीं होतीं। इसकी तुलना हम बुखार से कर सकते हैं। जैसे बुखार होने का मतलब है कि कोई इन्फेक्शन हुआ है और हमारा इम्यून सिस्टम सही तरीके से काम कर रहा है। लेकिन जब यही बुखार लंबा खिंच जाए और शरीर का तापमान 102-103 फारेनहाइट से बढ़ने लगे तो हमें इन्फेक्शन से नुकसान बाद में होगा, पहले बुखार ही दिक्कत पैदा कर देगा। इसलिए डॉक्टर पहले शरीर का तापमान कम करने के लिए दवा देते हैं। कमोबेश यही स्थिति हमारे शरीर में इंटरनल इन्फ्लेमेशन के दौरान होती है।

क्या है इन्फ्लेमेशन?

सूजन असल में शरीर के नेचरल इम्यून रिस्पांस का ही हिस्सा है। जब शरीर को चोट लगती है, किसी तरह का बैक्टीरियल या वायरल इन्फेक्शन होता है या सेहत को नुकसान पहुंचाने वाली कोई भी चीज शरीर में पहुंचती है, तो हमारा इम्यून सिस्टम फौरन ही अपने आप ऐक्टिव मोड में आ जाता है। इस दौरान प्रभावित जगह पर ब्लड फ्लो बढ़ जाता है और हमारा शरीर इन्फेक्शन या चोट से लड़ने के लिए कुछ खास तरह की कोशिकाएं (लड़ने वाली यानी WBC आदि) भेजता है। तब उस जगह पर रेडनेस, दर्द, गर्माहट महसूस होना और सूजन दिखने लगती है। यह शरीर के लिए एक तरह से फायदेमंद भी है क्योंकि इससे जख्म या इन्फेक्शन जल्दी दूर होते हैं। लेकिन परेशानी तब शुरू होती है जब यह सूजन महीनों या बरसों तक हल्के स्तर पर बनी रहती है।

कितनी तरह की सूजन

1. **एक्यूट इन्फ्लेमेशन:** यह कम दिनों के लिए होती है या कहें कि यह घाव या इन्फेक्शन के साथ अमूमन ठीक हो जाती है।
2. **क्रॉनिक इन्फ्लेमेशन:** लंबे समय के लिए आंतरिक सूजन यानी क्रॉनिक इन्फ्लेमेशन हो तो हार्ट की समस्या, टाइप-2 डायबीटीज, फैटी लिवर, मोटापा, अल्जाइमर, गठिया, ऑस्टियोआर्थराइटिस, रूमेटॉयड आर्थराइटिस, कैंसर, अस्थमा, IBS (Irritable Bowel Syndrome), डिप्रेशन तक होने की आशंका हो सकती है। इसलिए इस सूजन को पहचानकर दूर करना जरूरी होता है। यह भी समझें कि डायबीटीज होने का मतलब है कि आंतरिक सूजन है। जब शुगर कंट्रोल नहीं होती तो असर किडनी जैसे दूसरे अंगों पर सीधे तौर पर होता है। इससे किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। किडनी से प्रोटीन लीक होना आंतरिक सूजन की भी निशानी है।

लक्षण

लगातार थकान, दर्द, जोड़ों में जकड़न, बार-बार इन्फेक्शन, नींद खराब होना, पेट से जुड़ी समस्याएं, वजन बढ़ना आदि। इस तरह के लक्षण दूसरी बीमारियों के भी हो सकते हैं। सही जानकारी जांच के बाद ही पता चलती है।

AI image

इंटरनल इन्फ्लेमेशन की वजह

पर्याप्त नींद न लेना: सही नींद न लेने से सेल्स और टिशूज को आराम और मरम्मत का वक्त नहीं मिलता। इससे आंतरिक सूजन बनी रहती है। **क्या करें:** हर रात 6-8 घंटे की गहरी और लगातार नींद।

स्ट्रेस: लंबे समय तक मेंटल स्ट्रेस रहने पर कोर्टिसोल, दूसरे हॉर्मोन का संतुलन बिगड़ सकता है। **क्या करें:** मेडिटेशन। हर चीज पर काबू करने की कोशिश न करें। ये स्ट्रेस बढ़ाते हैं।

बार-बार इन्फेक्शन होना: कई लोगों के कुछ इन्फेक्शन पूरी तरह ठीक नहीं हो पाते। लंबे समय तक रहने से सूजन बढ़ सकती है। **क्या करें:** सही जांच और इलाज कराएं।

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड खाना: पैकेज्ड स्नैक्स, नूडल्स, प्रोसेस्ड मीट, कोल्ड ड्रिंक आदि में मौजूद चीनी, मैदा, ट्रांस फैट, नमक, रिफाइंड तेल सूजन बढ़ाते हैं। **क्या करें:** इन्हें बंद करें या फिर बहुत कम।

फिजिकल ऐक्टिविटी में कमी: जो लोग दिनभर बैठे रहते हैं और एक्सरसाइज नहीं करते, उनमें इन्फ्लेमेशन का खतरा ज्यादा पाया जाता है। **क्या करें:** मेहनत से शरीर से पसीना निकालें।

फल, सलाद, खट्टे फल कम खाना: विटामिन और ऐंटिऑक्सिडेंट की कमी रहती है। **क्या करें:** हर दिन एक मौसमी फल, एक प्लेट सलाद खाएं। आंवला, नींबू, संतरा, अमरूद खाएं।

मोटापा: वैसे तो ओवरवेट होना अपने आप में ही इंटरनल इन्फ्लेमेशन की गवाही देता है। इसलिए वजन काबू करना जरूरी है। **क्या करें:** भोजन की मात्रा कम करें, देर रात भोजन बंद करें। शाम 7 बजे तक खाना खा लें।

स्मोकिंग, शराब का सेवन: सिगरेट के धुएं में मौजूद केमिकल्स सूजन बढ़ाते हैं। यही नुकसान तंबाकू और शराब के सेवन पर भी लागू होता है। **क्या करें:** इन लतों को लात मार दें। यही सबसे कारगर उपाय है।

प्रदूषण से भी बढ़ती सूजन: हवा में मौजूद छोटे महीन कण ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस और सूजन बढ़ा सकते हैं। जो जरूरी ऐंटिऑक्सिडेंट्स कम करते हैं। **क्या करें:** बाहर का प्रदूषण बढ़ा हुआ हो तो कम से कम बाहर जाएं।

कौन-कौन से टेस्ट?

1. **hs-CRP (high sensitivity C-Reactive Protein):** शरीर में हल्की या क्रॉनिक सूजन का सबसे उपयोगी मार्कर है। **खर्च:** 800-1000 रुपये
2. **CRP:** यह ऐक्टिव इन्फ्लेमेशन या इन्फेक्शन का पता लगाने में अहम है। कोरोना के दौरान इस टेस्ट का काफी उपयोग हुआ था। **खर्च:** 250-500 रुपये
3. **ESR:** सामान्य सूजन का संकेतक है। **खर्च:** 50-150 रुपये
4. **CBC (Complete Blood Count):** इन्फेक्शन, एनीमिया और इन्फ्लेमेशन के बारे में थोड़ी जानकारी दे सकता है कि अंदर सब सामान्य है या नहीं। **खर्च:** 150-300 रुपये
5. **Ferritin:** खून में आयरन की स्थिति जानने के लिए। यह भी मार्कर है। **खर्च:** 500-750 रुपये।

(नोट: खर्च में फर्क मुमकिन है।)



सड़े अंडे और खराब दूध देने का आरोप, FSSAI ने भेजे 9 नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने उपभोक्ताओं की शिकायतों पर क्विक कॉमर्स प्लैटफॉर्म स्विगी इंस्टामार्ट को नौ नोटिस जारी किए है। खाद्य नियामक ने शनिवार को बताया कि इन शिकायतों में एक्सपायर्ड, सड़े-गले, खराब, दूषित और असुरक्षित खाद्य उत्पादों की सप्लाई करने के आरोप लगाए गए है।

स्विगी इंस्टामार्ट के खिलाफ मिली थी शिकायतें

FSSAI ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उसने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत उल्लंघन की शिकायतों पर यह कार्रवाई की गई। FSSAI ने मंच को विस्तृत स्पष्टीकरण और अनुपालन रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है।

AI Image



ऐसा नहीं करने पर उचित कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। FSSAI ने शिकायतों का ब्योरा देते हुए कहा, 'एक शिशु खाद्य उत्पाद के अत्यधिक खराब और असुरक्षित स्थिति में पाए जाने की शिकायत मिली थी। इसके दूषित होने और अनुचित भंडारण एवं रखरखाव के संकेत मिले थे। उत्पाद को लौटाए जाने के बाद भी कथित तौर पर ग्राहक के पास दोबारा भेज दिया गया।' शिकायतों में यह भी आरोप लगाया गया है कि स्विगी इंस्टामार्ट के जरिये खराब अंडे और दूध के साथ डैमेज डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों की भी आपूर्ति की गई।

जांच में यह भी पाया गया कि कुछ मामलों में FSSAI लाइसेंस नंबर गलत, अमान्य या मौजूद ही नहीं थे। इसके अलावा, खाद्य व्यवसायों को कथित तौर पर अलग नामों से लिस्ट किया गया था, जो उनके FSSAI पंजीकरण में दर्ज है। FSSAI ने कहा, 'कुछ शिकायतों में आरोप लगाया गया कि मामला आगे बढ़ाए जाने के बाद भी कोई संतोषजनक प्रतिक्रिया, शिकायत निवारण या सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। एक शिकायत में कहा गया कि खाद्य सुरक्षा चिंताओं को दूर किए बिना केवल पैसे वापस करने की पेशकश की गई।'